# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न

## 16 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### नारनौंद कस्बे में बाईपास का निर्माण करना

***161 श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौंद कस्बे में बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

### साक्षी मलिक खेल स्टेडियम का उन्नयन, सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण करना

***162 श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मोखरा में साक्षी मलिक खेल स्टेडियम में आवश्यक आधुनिक खेल अवसंरचना, उचित रखरखाव तथा स्रोतों का अभाव है जिसके कारण स्थानीय एथलीटों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या उक्त स्टेडियम का उन्नयन, सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण करने के लिए सरकार द्वारा एक विस्तृत परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा किए गए या किए जाने वाले बजटीय प्रावधानों का ब्यौरा क्या है तथा स्टेडियम परिसर के अंदर एक बहुउद्देशीय हाल, चेंजिंग रूम, शौचालय, जल निकासी प्रणाली तथा उच्च तीव्रता प्रकाश की लाइटों के लिए निर्माण/ मरम्मत का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है?

----

## दिल्ली-मथुरा सड़क को पलवल शुगर मिल से जोड़ना

*163 **मो. इसराईल (हथीन):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या दिल्ली-मथुरा सड़क को पलवल की शुगर मिल से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ब्लॉक समिति के मौजूदा कार्यालय को स्थानांतरित करना

*164 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ब्लॉक समिति (पंचायत समिति) के मौजूदा कार्यालय को बल्लभगढ़ शहर से किसी एक गांव अर्थात दयालपुर, मोहना, छायंसा या फतेहपुर बिल्लोच में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## राशन डिपो धारकों का कमीशन बढ़ाना

*165 **श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में खाद्यान्न तथा सरसों के तेल के वितरण के लिए राशन डिपो धारकों को दिए जाने वाले कमीशन को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नए बस स्टैंड का निर्माण करना

*166 **श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या पिपली (कुरुक्षेत्र) में नए बस स्टैंड के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की सम्भावना है?

----

## होडल रजबाहे को पक्का करना

*167 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में होडल रजबाहे को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## जल उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ाना

*168 **श्री तेजपाल तँवर ( सोहना):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव घामडोज में स्थित जल उपचार संयंत्र से सोहना कस्बे में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है; तथा

(ख) क्या ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए उपरवर्णित जल उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

*169 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि स्थानीय राइस शेलर से माल वाहक गाड़ियों की आवाजाही के कारण गाँव खुशहाल माजरा में बहुत ज्यादा यातायात जाम रहता है तथा दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है;

(ख) क्या गाँव खुशहाल माजरा में बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके लिए स्वीकृत राशि कितनी है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## ड्रेन का तकनीकी निरीक्षण करना

***170 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क)क्या यह तथ्य है कि पेलपा लिंक ड्रेन, जो खेडीजट्ट, एम.पी माजरा, बादली, तथा पेलपा गांवों से होकर गुजरती है तथा आखिर में ड्रेन नंबर 8 से जुड़ती है, का निर्माण बरसाती पानी की निकासी के उद्देश्य से किया गया था;

(ख) क्या यह भी एक तथ्य है कि उक्त नाले का निर्माण तकनीकी रूप से सही ढंग से नहीं किया गया था तथा प्रत्येक वर्ष भारी बरसात के दौरान, कई पिछले गांवों से पानी का अत्यधिक प्रवाह, दबाव उत्पन्न करता है जिसके कारण ड्रेन कई स्थानों से टूट जाती है, जिससे खेतों में बाढ़ आ जाती है तथा वर्तमान मौसम में लगभग 2000 एकड़ कृषि भूमि में फसलों की बुवाई नहीं हो सकी; तथा

(ग) क्या उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान उपलब्ध कराने के लिए उक्त ड्रेन का तकनीकी निरीक्षण कराने, उसके तटबंधों को जल्द से जल्द सुदृढ़ तथा पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुल पर यातायात शुरू करना

***171 श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या लोक निर्माण( भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या यह तथ्य है कि समालखा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र का क्षेत्र उत्तर प्रदेश राज्य से सटा हुआ है; यदि हाँ, तो यमुना नदी पर जिला बागपत, उत्तर प्रदेश के छपरौली से समालखा वाया बिलासपुर आट्टा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए पुल पर यातायात कब तक शुरू करने का प्रस्ताव है; तथा

(ख) आट्टा बाईपास का निर्माण कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा करना

***172 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क)क्या सरकार द्वारा पंडित लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय

रोहतक तथा राजीव गांधी स्टेडियम के सामने सड़क पर मेहराब आकार (आर्च शेपड) के स्तंभ के निर्माण सहित के सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा कोई प्रावधान किया गया था; यदि हां ,तो उक्त सौंदर्यीकरण कार्य के लिए कुल कितना बजट आवंटित किया गया था;

ख)क्या यह तथ्य है कि उक्त सौंदर्यीकरण का कार्य वर्तमान में अधूरा पड़ा है तथा स्तंभों की स्थिति उपेक्षा को दर्शाती है;

ग)उक्त सड़क के सौंदर्यीकरण पर अब तक सरकार द्वारा किए गए खर्च का ब्यौरा क्या है तथा कार्य के अधूरे पड़े होने के क्या कारण हैं; तथा

घ)क्या उक्त सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू या पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## सरकार द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का ब्यौरा

*173 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा ब्लॉक तथा ग्रामीण स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है; यदि हां, तो ऐसी प्रतियोगिताओं में शामिल खेल विधाएं क्या हैं;

(ख) क्या वर्ष 2022 के बाद सिरसा जिले में सरकार द्वारा ग्रामीण तथा ब्लॉक स्तर पर कोई ऐसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं; यदि हां, तिथि, स्तर (ग्रामीण/ब्लॉक), स्थान तथा खेल विधाओं सहित पूरा ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) ब्लॉक सिरसा, ब्लॉक बडागुढा तथा ब्लॉक ओढ़ां के अंतर्गत पड़ने वाले गांवों में ग्रामीण या ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं अंतिम बार कब आयोजित की गई थी तथा उन प्रतियोगिताओं में शामिल खेल विधाएं क्या थी?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

*174 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि लगभग 1.20 लाख की आबादी वाले शाहबाद कस्बे में 100 बैडों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी)उपलब्ध है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि पर्याप्त भवन होने के बावजूद, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, नेत्र विशेषज्ञ तथा ऑर्थपेडिक (हड्डी) विशेषज्ञ नहीं है, जिससे आम जनता को

गंभीर असुविधा हो रही है; तथा

(ग)उपरोक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने तथा नेत्र एवं ऑर्थपेडिक विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उक्त अस्पताल में ये सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ?

----

## तदर्थ (एड-हॉक) अमले को नियमित करना

*175 **श्री पवन खरखौदा (खरखोदा):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राजकीय कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में तदर्थ (एड-हॉक) आधार पर नियुक्त अमले को किसी सरकारी नीति के अंतर्गत नियमित करने तथा उन्हें नियमित अमले के समान वेतन प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## जलाशयों की कुल संख्या

*176 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि अक्टूबर, 2024 से अब तक नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा एन.जी.टी. या किसी अन्य योजना के अंतर्गत निर्मित जलाशयों (तालाबों/जल निकायों) की कुल संख्या कितनी है तथा उनका स्थानवार ब्यौरा क्या है?

----

## जल संरक्षण परियोजना लागू करना

*177 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में भूजल स्तर तेजी से घट रहा है;

(ख) क्या इस गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक प्रमुख जल संरक्षण परियोजना को लागू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) क्या पूरे विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कम से कम 20 जल रिचार्ज प्रणालियों को

स्वीकृति प्रदान करने तथा उनके कार्यों को तुरंत शुरू करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरना

*178 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) जगाधरी के नागरिक अस्पताल, छछरौली तथा खिजराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सी.एच.सी) तथा कोट एवं खदरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पी.एच.सी) में चिकित्सकों के स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त स्वास्थ्य संस्थानों में वर्तमान में भरे तथा रिक्त पड़े पदों की कुल संस्थान-वार संख्या कितनी है; तथा

(ग) उपरोक्त चिकित्सों के रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए है तथा उपरोक्त रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना

*179 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री की घोषणा कोड 27883 के अंतर्गत पुंडरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव फतेहपुर में एक उप-स्वास्थ्य केंद्र को स्थापित करने की घोषणा की गई थी ;

(ख) उक्त घोषणा के बावजूद इस उप-स्वास्थ्य केंद्र को स्थापित करने का कार्य शुरू नहीं होने के क्या कारण है;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अब तक कोई प्रशासनिक या वित्तीय कार्रवाई की गयी है, यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है; तथा

घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

## बस स्टैंड का निर्माण करना

***180 श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि उकलाना तथा बरवाला के बस स्टैंड एक ही समय अर्थात वर्ष 1982 के आस-पास बनाए गए थे;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा बरवाला के बस स्टैंड या निर्माण किया जा रहा है जबकि उकलाना का बस स्टैंड जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा

ग) यदि हां, तो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के बावजूद सरकार द्वारा उकलाना के बस स्टैंड का निर्माण न करने के क्या कारण हैं?

----